# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination - (2023 – 2024)**

**Class / Section: XII** **MM: 80**

**Subject: Hindi Core(Code 302)** **Time: 3:00 Hrs**

Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देशः

1 इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड है–खण्ड'अ' और खण्ड'ब'। खण्ड'अ' में वस्तुपरक तथा खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

2 खण्ड'अ' में कुल 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं,जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने है।

3- खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

4 दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

5 यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** **(1X10=10)**

दबाव में काम करना व्यक्ति के लिए अच्छा है या नहीं, इस बात पर प्रायः बहस होती है। कहा जाता है कि व्यक्ति अत्यधिक दबाव में नकारात्मक भावों को अपने ऊपर हावी कर लेता है, जिससे उसे अक्सर कार्य में असफलता प्राप्त होती है। वह अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी खो बैठता है। दबाव को यदि ताकत बना लिया जाए, तो न सिर्फ सफलता प्राप्त होती है, बल्कि व्यक्ति कामयाबी के नए मानदंड रचता है। ऐसे बहुत सारे उदाहरण है जब लोगों ने अपने काम के दबाव को अवरोध नहीं बल्कि ताकत बना लिया। 'सुख–दुख, सफलता–असफलता, शांति–क्रोध और क्रिया–कर्म हमारे दृष्टिकोण पर ही निर्भर करता है।' जोंस सिल्वा इस बात से सहमत होते हुए अपनी पुस्तक 'यू दी हीलर' में लिखते हैं कि मन–मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क शरीर को। इस तरह शरीर मन के आदेश का पालन करता हुआ काम करता है।

दबाव में व्यक्ति यदि सकारात्मक होकर काम करे,तो वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब होता है। दबाव के समय मौजूद समस्या पर ध्यान केंद्रित करने और बोझ महसूस करने की बजाय यदि यह सोचा जाए कि हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जो एक कठिन चुनौती को पूरा करने के लिए तत्पर है, तो हमारी बेहतरीन क्षमताएँ स्वयं जागृत हो उठती हैं। हमारा दिमाग जिस चीज़ पर भी अपना ध्यान केंद्रित करने लगता है, वह हमें बढ़ती प्रतीत होती है। यदि हम अपनी समस्याओं के बारे में सोचेंगे, तो वे और बड़ी होती महसूस होंगी। अगर अपनी शक्तियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, तो वे भी बड़ी महसूस होंगी। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि 'जीतना एक आदत है, पर अफसोस ! हारना भी आदत ही है'।

(i) अत्यधिक दबाव में नकारात्मक कार्य करने का प्रभाव क्या पड़ता है ?

अ मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य क्षीण होने लगता है

ब मन व मस्तिष्क का संतुलन स्थापित होता है

स समस्याएँ अपना रूप विकट कर लेती है

द सामाजिक रूप से मनुष्य प्रताड़ित अनुभव करता है।

(ii) जो व्यक्ति काम के दबाव को अवरोध नहीं, ताकत बना लेता है, वह

अ सफलता के दुष्कर मार्ग पर चलता है

ब सफलता व कामयाबी के नए सोपान रचता है

स सफलता प्राप्त करने हेतु अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनता है

द स्वयं अपनी मानसिक क्षमता का परिक्षण कर जाता है

(iii) मनुष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कब कर सकता है ?

अ जब वह मौजूदा समस्या पर ध्यान केंद्रित करता है

ब जब वह अपनी शक्तियों पर ध्यान केंद्रित करता है

स जब वह सकारात्मक होकर बेहतरीन क्षमता से कार्य करता है

द जब वह सजग एवं जाग्रत होता है।

(iv) मन–मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क शरीर को' कथन के माध्यम से जोंस सिल्वा क्या कहना चाहता है ?

अ सशक्त व दृढ़ इच्छा–शक्ति से मनुष्य कठिन से कठिन कार्य भी कर सकता है

ब शरीर के स्वास्थ्य पर मन का प्रभाव पड़ता है

स निर्भीक व्यक्ति का शरीर स्वस्थ व सशक्त होता है

द निडर व्यक्ति सदैव स्वस्थ रहता है।

(v) चुनौती का सामना किस तरह से किया जाना चाहिए ?

अ चुनौती को समझ कर चिंतन करना चाहिए

ब चुनौती को अवसर मानकर बेहतरीन क्षमताएँ सृजन करनी चाहिए

स चुनौती को सौभाग्य मानकर अपना लेना चाहिए

द चुनौती को सकारात्मक रहकर विचार करना चाहिए

(vi) मनुष्य अपनी शक्तियों में वृद्धि कैसे कर सकता है ?

अ सकारात्मक सोच के साथ अपनी शक्ति व सामर्थ्य पर विश्वास करके

ब शक्ति व चिंतन को विकसित करके

स नकारात्मक भावों को नियंत्रित करके

द कार्य के अच्छे या बुरा होने की बहस में समय व्यर्थ न करके

(vii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1 कार्य के दबाव को नकारात्मक भाव से अपनाने वाला व्यक्ति असफल हो जाता है
2 कार्य के दबाव को चुनौतीपूर्ण मानकर सकारात्मकता से परिपूर्ण रहने पर सफलता अर्जित की जाती है।
3 कार्य की सफलता व कठिनाई मनुष्य के दृष्टिकोण पर निर्भर करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?

अ 1 , 2 और 3 ब 2 और 3

स 1 और 3 द 1 और 2

(viii) निम्नलिखित कथन–कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) 'जीतना एक आदत है, पर अफसोस ! हारना भी आदत ही है'।

कारण (R) जीत व हार मनुष्य के दृष्टिकोण पर निर्भर है।

सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर सफलता और नकारात्मक होने पर असफलता निश्चित है।

अ कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

ब कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

स कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

द कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(ix) मनुष्य के दृष्टिकोण पर क्या निर्भर करता है ?

अ प्राकृतिक आपदाएँ और विपदाएँ

ब सुख–दुख, सफलता–असफलता, शांति–क्रोध और क्रिया–कर्म

स सामाजिक समस्याओं के विषय

द उपरोक्त में से कोई नहीं

(x) मन–मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क शरीर को। यह जोंस सिल्वा की किस पुस्तक में लिखा है ?

अ दा मर्चेंट ऑफ वेनिस ब यू द हीलर

स युद्ध यात्रा द कामायनी

**प्र02 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

कुश्ती कोई भी लड़े
ढोल बजाता है सिमरू
जिसके सधे हाथ
भर देते हैं जोश पूरे दंगल में
उछलने लगती है मिट्टी पूरे अखाड़े की
ताक धिना–धिन ––––– ताक धिना–धिन
झाँकने लगते है लोग
एक दूसरे के कन्धों के ऊपर से
उचक–उचक कर
बहुत गहरा है रिश्ता
सिमरू और ढोल का
जैसे साँस और धड़कन का
ढोल खामोश है
तो खामोश है
अखाड़ें की माटी
खामोश ढोल को
जगाएँगे हाथ सिमरू के
ढोल बजेगा
जागेगा अखाड़ा
जागेगी माटी अखाड़े की
माटी ही तो है
जो स्वीकारती है सभी को
अच्छे हों या बुरे
हर रूप में।

(i) 'ढोल बजाता है सिमरू ही' पंक्ति में 'ही' क्या इंगित करता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | आदत | ब | महत्व |
| स | आडंबर | स | प्रेम |

(ii) कुश्ती में जोश कब भर आता है ?

अ जब हारता हुआ पहलवान जीतने लगता है

ब जब दोनों पहलवान बराबर की टक्कर वाले होते हैं

स जब फाइनल कुश्ती द्वारा राष्ट्रीय विजेता तय होता है

द जब सिमरू द्वारा ढोल बजाया जाता है

(iii) माटी द्वारा अच्छे–बुरे को स्वीकारने का क्या तात्पर्य है ?

अ माटी सबको जीतने का समान अवसर देती है

ब माटी का न्याय सबको स्वीकार्य होता है

स अंत में अच्छे–बुरे सभी माटी में मिल जाते हैं

द माटी की गोंद में अच्छे बुरे सभी माटी में मिल जाते हैं

(iv) ढोल तथा अखाड़े की माटी में क्या समानता बताई गई है

निम्न कथनों पर विचार कीजिए

कथन 1 दोनों को उपयोग करने से पहले तैयार करना होता है

कथन 2 दोनों में श्रम की आवश्यकता होती है।

कथन 3 दोनों का प्रयोग कर लोग अपनी कला सिद्ध करते हैं।

कथन 4 दोनों की परिवर्तन में भूमिका होती है

**निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

अ केवल कथन 3 सही है

ब केवल कथन 4 सही है

स केवल कथन 2 और 3 सही है

द केवल कथन 1 और 4 सही है

(v) कॉलम 1 और कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए –

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| क सिमरू | 1 श्रमजीवी वर्ग |
| ख ढोल | 2 सामाजिक भूमि |
| ग अखाड़ा | 3 परिश्रम |

कूट

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | 3 | 1 | 2 | ब | 1 | 3 | 2 |

स 1 2 3 द 2 1 3

**प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

(i) किसी घटना या समस्या से संबंधित तथ्यों के विस्तृत और बारीक विवरण करने वाली रिपोर्ट कहलाती है –

अ विश्लेषणात्मक रिपोर्ट ब विवरणात्मक रिपोर्ट

स खोजी रिपोर्ट द इन–डेप्थ–रिपोर्ट

(ii) सूची 1 को सूची 2 से मिलान कीजिए

| **सूची 1** | **सूची 2** |
|---|---|
| क बीट रिपोर्टर | 1 निवेशक |
| ख फीचर | 2 संवाददाता |
| ग कारोबार | 3 घुटने टेकना |
| घ खेल | 4 कथात्मक |

कूट

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| अ | 3 | 4 | 1 | 2 |
| ब | 2 | 4 | 1 | 3 |
| स | 4 | 3 | 2 | 1 |
| द | 2 | 1 | 4 | 3 |

(iii) बीट कवर करने वाले रिपोर्टर को कहा जाता है –

अ लेखक ब एंकर

स संपादक द संवाददाता

(iv) भास्कर पत्रकार हैं। वे आर्थिक जगत की खबरें बड़ी दिलचस्पी और सक्रियता से कवर करते हैं। उनकी रुचि और रुझान के अनुसार वे क्या बन सकते हैं ?

अ लेखक ब पाठक

स स्तंभ लेखक द विषय विशेषज्ञ

(v) समाचार के प्रकारों में सम्मिलित नहीं है –

अ राष्ट्रीय ब अंतर्राष्ट्रीय

स कस्बे वार द स्थानीय

**प्र04 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** **(1X5=5)**

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर–भीतर
इस–घर उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

(i) कवि ने कविता को किसकी उड़ान माना है ?

अ कल्पना की ब शब्द की

स सीमाओं की द प्रश्नों की

(ii) ''कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने'' पंक्ति का आशय क्या है ?

अ कविता की उड़ान चिड़िया की उड़ान से कम होती है

ब कविता की उड़ान असीमित है, इसे चिड़िया नहीं समझ पाती है

स कविता और चिड़िया दोनों की उड़ान अनंत है

द कविता की उड़ान से चिड़िया भली–भाँति परिचित है

(iii) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने किसके अस्तित्व से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं ?

अ कविता के ब चिड़िया के

स उड़ान के द यात्रा के

(iv) प्रस्तुत काव्यांश में कवि किसकी यात्रा के बारे में बता रहा है ?

अ स्वयं की ब कविता की

स सैनिकों की द भाषा की

(v) कविता की उड़ान को चिड़िया क्यों नहीं जान सकती ?

अ सीमित संभावनाओं के कारण

ब सीमित शक्ति के कारण

स कल्पना शक्ति के अभाव के कारण

द अपनी सीमित सीमाओं के कारण

**प्र05 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

वर्षा के बादलों के स्वामी है इंद्र और इंद्र की सेना टोली बाँध कर कीचड़ में लथपथ निकलती, पुकारते हुए मेघों को, पानी माँगते हुए प्यासे गलों और सूखे खेतों के लिए। पानी की आशा पर जैसे सारा जीवन

आकर टिक गया हो।बस एक बात मेरी समझ में नहीं आती थी कि जब चारों ओर पानी की इतनी कमी है तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकट्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी भर–भर कर इन पर क्यों फेकते हैं ? कैसी निर्मम बर्बादी है पानी की। देश की कितना क्षति होती है इस तरह के अंधविश्वासों से।

(i) वर्षा के बादलों के स्वामी कौन है ?

अ विष्णु ब इंद्र

स अग्नि द यम

(ii) लेखक के अनुसार, अंधविश्वास क्या था ?

अ लड़कों की टोली बनाना

ब घरों में पानी एकत्रित करना

स टोली पर पानी फेंकने से इंद्र देव का वर्षा करना

द इंद्र सेना का घर–घर जाना

(iii) निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) पानी की आशा पर जैसे सारा जीवन टिक गया हो।

कारण (R) ऐसे अंधविश्वासों से देश को कितनी क्षति होती है।

अ कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

ब कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

स कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

द कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) 'कैसी निर्मम बर्बादी है पानी की' कथन का आशय है –

अ पानी की कमी होना

ब पानी की कमी होने पर भी पानी फेंकना

स घरों व कुओं में पानी नहीं रहना

द पानी फेंकने से कीचड़ हो जाना

(v) इंद्र सेना किसे कहा गया है ?

अ महिलाओं की टोली को  ब लड़कों की टोली को

स बच्चों की टोली को  द उपरोक्त सभी

## पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2

**प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X10=10)**

(i) यशोधर बाबू के बच्चों की कौन–सी बातें आपत्तिजनक है ?

अ रिश्तेदारों, धर्म और समाज के प्रति नकारात्मक भाव

ब महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील होना

स जीवन में उन्नति करना

द समय और सामर्थ्य के अनुसार घर में बदलाव लाना

(ii) 'सिल्वर वैडिंग' में गाउन पहनते समय यशोधर बाबू को कौन–सी बात चुभी ?

अ पत्नी द्वारा उपेक्षा  ब भूषण के व्यंग्य वचन

स केक काटना  द दूध लाने की बात

(iii) सिल्वर वैडिंग कहानी के मुख्य पात्र द्वारा परंपरागत सिद्धांतों को अपनाकर उनके निजी जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

अ उनका निजी जीवन अत्यंत सहज हो गया था

ब उनका अपने परिवार के बीच तालमेल नहीं बैठता था

स उनकी अपने परिवार में अच्छी साख थी

द उनका व्यक्तित्व अत्यंत संकुचित हो गया था

(iv) कहानी 'सिल्वर वैडिंग' में किशनदा की मृत्यु के संदर्भ में 'जो हुआ होगा' से कहानीकार का क्या तात्पर्य रहा है ?

अ लेखक मृत्यु से बहुत दुखी है

ब लेखक को मृत्यु का कारण पता है

स लेखक मृत्यु के कारण से अपरिचित है

द लेखक को मृत्यु से कोई फर्क नहीं पड़ता है

(v) जूझ पाठ के अनुसार "पढ़ाई लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था।" क्योंकि –

अ लेखक खेती बाड़ी नहीं करना चाहता

ब दता जी राव जानते थे कि खेती–बाड़ी में लाभ नहीं है

स लेखक का पढ़–लिखकर सफल होना बहुत आवश्यक था

द लेखक के पिता नहीं चाहते थे कि वह आगे की पढ़ाई करे

(vi) 'जूझ' कहानी में पिता द्वारा स्वयं खेती न करके अपने बेटे से खेती का काम करवाना किस ओर संकेत करता है ?

अ पिता अपने बेटे को परिश्रमी बनाना चाहता है

ब पिता चाहता है कि उसका बेटा आर्थिक रूप से संपन्न बने

स पिता के आलसी और कामचोर रूप को दर्शाता है

द पिता चाहता है कि उसका बेटा उससे भी अधिक प्रगति करे

(vii) लेखक को न चाहते हुए भी खेती का काम क्यों करना पड़ता है ? 'जूझ' कहानी के आधार पर सही विकल्प चुनिए –

अ खेती करना उनका खानदानी पेशा है

ब उनके जीवन में आर्थिक समस्या है

स उनके माता–पिता चाहते है कि वह खेती करे

द खेती के बिना उन्हें समाज में सम्मान नहीं मिलेगा

(viii) आनंदा को पढ़ने भेजने में मुख्य योगदान किसका था ?

अ लेखक की माँ का ब दत्ता जी राव का

स लेखक का दादा का द आनंदा के अध्यापक का

(ix) 'जूझ' उपन्यास मूलतः किस भाषा में रचित है ?

अ मराठी ब गुजराती

स अवधी द ब्रज

(x) जब सब्जी लेकर यशोधर बाबू घर पहुँचे तो उनकी दशा कैसी थी ?

अ द्वारिका जाने वाले सुदामा जैसी

ब द्वारिका से लौटे सुदामा जैसी

स बचपन के सुदामा जैसी

द पत्नी के साथ सुदामा जैसी

**खण्ड 'ब'** (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्र07 निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए –** **(6X1=6)**

अ वर्तमान समय में सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप

ब कमरे मे लगी दीवार घड़ी को देखकर मन में उठते विचार

स पारिवारिक जीवन में स्त्री शिक्षा का महत्व

**प्र08 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(2X2=4)**

क रेडियों और टेलीविजन समाचार की भाषा–शैली कैसी होनी चाहिए ?

ख मुद्रित माध्यमों की विशेषताएँ लिखिए।

ग अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

**प्र09 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

क रेडियो नाटक का लेखन सिनेमा और रंगमंच के लेखन से भिन्न कैसे है ?

ख समचार पत्रों में विशेष लेखन से आप क्या समझाते हैं ? उदाहरण सहित उत्तर दें।

ग कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय हमें किस प्रकार की सावधानियाँ रखनी चाहिए ?

**प्र010 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

क 'लक्ष्मण–मूर्च्छा और राम का विलाप ' में लक्ष्मण के मुर्च्छित हो जाने पर राम का कथन 'मिलइ न जगत सहोदर भ्राता' का क्या अभिप्राय है ?

ख कवि आलोक धन्वा ने अपनी कविता पतंग में बच्चों के मन की तुलना कपास से क्यों की है ?

ग 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी क्रुरता की कविता है। विचार कीजिए।

**प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(2X2=4)**

क 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता में कवि अपने घर की ओर लौटने में शिथिल और अनुत्साहित क्यों है ?

ख 'बात सीधी थी' कविता के आधार पर 'भाषा को सहुलियत' से बरतने के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए।

ग कवितावली में उद्धृत छंदों के आधार पर स्पष्ट करें कि तुलसीदास को अपने युग की आर्थिक विषमता की अच्छी समझ है।

**प्र012 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

क भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा क्योंकि उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं। लेखिका महादेवी ने ऐसा क्यों कहा होगा ?

ख 'बाजार दर्शन' पाठ में आए 'पर्चेजिंग पावर' से आप क्या समझते हैं ? इसका सकारात्मक उपयोग कैसे किया जा सकता है ?

ग कहानी 'पहलवान की ढोलक' के किस–किस मोड़ पर लुट्टन के जीवन में क्या–क्या परिवर्तन आए ?

**प्र013 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए– (2X2=4)**

क ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ? 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख लोगों ने लड़कों की टोली को मेढक मंडली नाम किस आधार पर दिया ? यह टोली अपने आपको इंद्र सेना कहकर क्यों बुलाती थी ?

ग बाजार के जादू के चढ़ने–उतरने का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 'बाजार दर्शन' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

## पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2

**प्र014 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए– (2X2=4)**

क 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**ख** 'जूझ' कहानी के लेखक के जीवन संघर्ष के उन बिंदुओं पर प्रकाश डालिए, जो हमारे लिए प्रेरणादायक है।

ग जूझ के कथानायक का मन पाठशाला जाने के लिए क्यों तड़पता था ? उसे खेती का काम क्यों अच्छा नहीं लगता था ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

——000——